# दो कारों की भिड़ंत में एक की मौत, नौ घायल



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले के माहुलझिर थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर सतधारा के पास दो कारों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 9 लोग घायल हो गए। हादसा झिरपा में महादेव मेले से लौट रहे श्रद्धालुओं के साथ हुआ। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों में से एक कार अचलपुर, महाराष्ट्र के श्रद्धालुओं की थी, जो चौरागढ़ से दर्शन कर लौट रहे थे, जबकि दूसरी कार नांदेड़, महाराष्ट्र के श्रद्धालु महादेव दर्शन के लिए ले जा रहे थे।

घायलों में अचलपुर के सौरभ सावरकर, रोशन अंबाडकर, संगम कवितकर, मुरलीधर सोनार, आशीष बेलसर, कुलदीप आंबेडकर व नांदेड़ के चक्रधर जीभकाटे, अक्षय पांडुरंग, गजानन जीभकाटे शामिल हैं। सूचना मिलते ही माहुलझिर पुलिस मौके पर पहुंची। हालांकि एम्बुलेंस 108 समय पर नहीं पहुंच सकी, जिसके चलते डायल 100 की मदद से घायलों को छिंदवाड़ा जिला अस्पताल और तामिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। माहुलझिर थाना प्रभारी रविंद्र पवार ने बताया कि हादसे की जांच की जा रही है।

# प्रदेश में सबसे ज्यादा हितग्राही छिंदवाड़ा जिले में : सांसद



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के सबसे ज्यादा हितग्राही छिंदवाड़ा जिले में हैं चाहे वो लाड़ली बहना योजना, पी एम आवास हो या किसान सम्मान निधि हर योजना के हितग्राही छिंदवाड़ा में सबसे ज्यादा हैं। उक्त उदगार सांसद बंटी विवेक साहू ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2025-26 को लेकर मंगलवार को जिला भाजपा कार्यालय छिंदवाड़ा में आयोजित पत्रकार.वार्ता को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

सांसद ने कहा कि शहर को अब तक तीन फ्लाई ओवर मिल चुके हैं और चौथा फ्लाई ओवर भी मिलने जा रहा है साथ ही उन्होंने कहा कि जिले में कोयला खदानें शुरू करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। पिछले सांसदों ने इस दिशा में पहल नहीं की, लेकिन अब हम इस पर प्रयास कर रहे हैं। श्री साहू ने कहा कि पी एम नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के पहले देश में हर तरफ भ्रष्टाचार व्याप्त था। जबसे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनी है तब से देश विकास की दिशा में लगातार बढ़ रहा है।

वर्ष 2025 का ये बजट हमारे सपनों का बजट हैए ये हमारे विकास का बजट हैए ये जन आकांक्षाओं का बजट है।

सांसद ने कहा कि केंद्रीय बजट में सतत विकास गोल (एस.डी.जी.) के मानकों को ध्यान में रखकर विश्व स्तर पर भारत को आगे ले जाने के लिए गरीबी को घटाकर शून्य तक ले जाने का प्रयास इस बजट में किया गया है। पी एम के नेतृत्व में भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए पांच लक्ष्य सामने रखकर यह बजट बनाया गया है।

बजट में 100 प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, श्रम शक्ति को और अधिक स्किल्ड बनानाए भारत के किसानों के माध्यम से देश को फूड बॉस्केट के रूप में विकसित करने और आर्थिक गतिविधियों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाकर 70 प्रतिशत करने जैसे पांच लक्ष्यों को ध्यान में रखकर यह बजट प्रस्तुत किया गया है। टैक्स स्लैब में दी गई छूट से मध्यम वर्ग को बहुत फायदा मिलेगा। टैक्स स्लैब को बढ़ाकर 12 लाख से अधिक करने के साथ वरिष्ठ नागरिकों को भी छूट मिली है।

केंद्रीय बजट में वरिष्ठ नागरिकों को ब्याज पर या किराये पर टी.डी.एस. के लिए निर्धारित वार्षिक सीमा दो लाख 40 हजार के बढ़ाकर 6 लाख किया गया है। इस प्राविधान से देश के करोड़ों वरिष्ठ नागरिकों को फायदा होगा। किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना की शुरूआत की गई है। इस योजना का देश के कई लाख किसानों को सीधा फायदा मिलेगा। किसानों की आय बढ़ाने और खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) किसानों के लिए वरदान बन रहा है।

इस बजट में किसान क्रेडिट कार्ड की ऋण सीमा को तीन लाख से बढ़ाकर पांच लाख करने का निर्णय लिया गया है। इस प्राविधान का मध्यप्रदेश के लाखों किसानों के साथ देश के करोड़ों किसानों को फायदा मिलेगा। श्री साहू ने कहा कि उद्योग और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए निवेश व कारोबार की सीमा को ढाई प्रतिशत तक बढ़ाया गया है।

लघु, सूक्ष्य, मध्यम उद्यम (एमएसएमई) के तहत स्टार्टअप व छोटे उद्योगों की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए पहली बार दस हजार करोड़ का प्रावधान बजट में किया गया है। 10 हजार करोड़ के नए फंड से स्टार्टअप को बढ़ावा मिलेगा और युवाओं के रोजगार को गतिमान किया जा सकेगा।

सांसद ने कहा कि केंद्रीय बजट में हर क्षेत्र के लिए बजट में प्रावधान किया गया है, उन सभी प्रावधानों का लाभ मध्यप्रदेश की जनता को मिलेगा। मध्यप्रदेश में मेडिकल शिक्षा की 75 हजार नई सीटें बढ़ने का फायदा प्रदेश को मिलेगा। एमपी में 12 नए मेडिकल कॉलेज खुलने के साथ दो हजार मेडिकल सीटें बढ़ेंगी।

कैंसर के इलाज के लिए देश भर में 200 डे केयर सेंटर खोले जाएंगे, जिसमें मध्यप्रदेश को भी पर्याप्त प्रतिनिधित्व मिलेगा। स्टार्ट अप में वर्तमान कर्ज सीमा को 10 से बढ़ाकर 20 करोड़ किया है। मध्यप्रदेश में इनकी संख्या करीब 30 हजार है। बजट में 30 हजार स्टार्टअप व 4 लाख एमएसएमई अब ज्यादा कर्ज ले सकेंगे। सेंट्रल रोड एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड से 2,800 करोड़ रुपए मिलेंगे। केसीसी योजना का लाभ प्रदेश के किसानों को मिलेगा।

इस अवसर पर मंच पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विजय झांझरी, जिला महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी, परमजीत सिंह बिज, कांता ठाकुर, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय पांडे, जिला मीडिया प्रभारी संदीप चौहान एवं जिला सह मीडिया प्रभारी विक्रम सोनी उपस्थित रहे।

## सार समाचार

### लता नागले ने उत्तीर्ण की पीएचडी की परीक्षा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा यूजीसी नेट भारत सरकार के द्वारा दिसंबर 2024 का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है जिसमे जन अभियान परिषद की परामर्शदाता लता नागले निवासी शंकर नगर परतला छिंदवाड़ा ने सोशियोलॉजी विषय में पीएचडी के लिए 67.35(स्कोर) से क्वालीफाइ किया है। लता नागले समाजसेवी कार्यों में अग्रणी रहते हुए महिला बाल विकास संचनालय में बाल संरक्षण एवम समाज कल्याण नि:शक्तजन संचनालय में नशामुक्ति विषय पर राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर एवम पातालकोट में भारिया एवम गौड़ जन जाति पर शोध कर एम फिल की शिक्षा मऊ स्थित डॉक्टर बी.आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय डॉ. अंबेडकर नगर महू जिला इंदौर से उत्तीर्ण की है एवम आपने जनजातीय प्रवास विषय पर पुस्तक प्रकाशित की है साथ ही साइबर क्राइम पर दो शोध पत्र भी प्रकाशित कर चुकी है। आपकी इन सभी उपलब्धि की सभी ने सराहना की।



### थाना देहात पुलिस ने चलाया सड़क सुरक्षा अभियान, वितरित किए एक हजार से अधिक पर्चे



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आए दिन हो रहे सडक दुर्घटनाए एवं भूरा भगत मेला में अत्यधिक व्यस्त ट्राफिक को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक छिन्दवाड़ा अजय पाण्डे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा के निर्देशन में थाना प्रभारी देहात एवं थाना स्टाफ द्वारा वृहद स्तर पर ग्राम गांगीवाडा में सडक सुरक्षा अभियान चलाया गया जिसमें भूरा भगत मेला में आने जाने वाले सभी यात्रीगणों को रोककर हेल्मेट, सीटबेल्ट लगाने, नशा करके वाहन न चलाने, सुरक्षित यात्रा करने हेतु समझाईश दी गई। सभी आने जाने वाले लोगों को 1000 से अधिक पाम्प्लेट बांटकर यातायात जागरुकता अभियान चलाया गया

### पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक- एक के विद्यार्थियों ने धरम टेकड़ी के अटल वाटिका पार्क का शैक्षिक भ्रमण किया



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-1 छिन्दवाड़ा के कक्षा 1 एवं 2 के लगभग 150 विद्यार्थियों ने अपने कक्षा शिक्षकों के साथ धरम टेकड़ी के अटल वाटिका पार्क का शैक्षिक भ्रमण किया। विद्यालय के प्राचार्य हरि प्रसाद धारकर ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद एवं स्वलपाहार के पैकेट प्रदान कर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को भ्रमण के लिए रवाना किया। प्रधान पाठक एस.के. साहू के मार्गदर्शन में इस शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से विद्यार्थियों ने प्रकृति की निकटता का आनंद लिया। इस शैक्षणिक भ्रमण को सफल बनाने में विजयता देशमुख, नीरज कुमार वर्मा, स्वाति अविनाश, दीक्षा राज चौरसिया, यश प्रताप सिंह तोमर, लीना चरपे एवं नंदू यदुवंशी जी ने सहयोग किया।

# आज शिवालयों में होंगे विविध कार्यक्रम, लगेगा भक्तों का मेला

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सतपुड़ा की वादियों में स्थित अमरवाड़ा के सभी शिवालयों में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं गरमेटा शिवधाम मंदिर में मेला लगेगा।



पूरे जिले में प्रसिद्ध शिवधाम गरमेटा मंदिर केदारनाथ से रामेश्वरम के बीच एक ही देशांतर 79 डिग्री पर स्थित है जिसको लेकर इसकी महत्वता और भी बढ़ जाती है। शिवरात्रि के अवसर पर यहां विशाल मेले का भी आयोजन होता है। जहां दूर-दूर से लोग दर्शन करने के लिए मंदिर पहुंचते हैं। भोलेनाथ के शिवलिंग की विशेष पूजा अर्चना कर अभिषेक और श्रृंगार भी इस मौके पर किया जाएगा। नगर के अन्य स्थानों वन विभाग में स्थित मनोकामेश्वर मंदिर पंचमुखी शिव मंदिर महाकाल मंदिर में भी विशेष पूजा अर्चना, हवन सहित प्रसाद वितरण और भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## राजेश जैन पंचतत्व में विलीन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अमरवाड़ा। नगर के आजाद वार्ड निवासी राजेश कुमार जैन पिता स्व. लक्ष्मी प्रसाद जैन सोमवार मंगलवार की दरमियानी रात्रि को आकस्मिक निधन हो गया है।

आप देवेन्द्र कुमार जैन पत्रकार पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, अरविंद कुमार जैन, राकेश कुमार जैन के छोटे भाई एवं अखिलेश जैन के बड़े भाई, अंकुर, अंशुल, कु. आर्ची, लक्ष्य, आगम, अंश के चाचाजी एवं कु. आर्द्रिका के पापाजी थे। आपकी अंतिम यात्रा आपके निज निवास वार्ड क्रमांक 08, आजाद वार्ड मंगलवार को दोपहर 02.00 बजे निज निवास से निकलकर मोक्ष धाम पहुंची जहां सभी वर्ग के लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# छिंदवाड़ा पुलिस ने शहर में किया फ्लैग मार्च



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** महाशिवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से छिंदवाड़ा पुलिस ने आज पुलिस अधीक्षक अजय पांडेय के नेतृत्व में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में फ्लैग मार्च का आयोजन किया।

फ्लैग मार्च की शुरुआत पुलिस मुख्यालय से हुई, जहां से पुलिस बल ने शहर के प्रमुख मार्गों और संवेदनशील क्षेत्रों से होते हुए मार्च किया। इस दौरान पुलिस ने स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित किया और उन्हें आश्वस्त किया कि महाशिवरात्रि के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

इस फ्लैग मार्च में पुलिस अधीक्षक अजय पांडेय के साथ ही एस.डी.एम. सुधीर जैन, सी.एस.पी. अजय राणा, डी.एस.पी.(यातायात) रामेश्वर चौबे, रक्षित निरीक्षक आशीष तिवारी, थाना प्रभारी कोतवाली, कुंडीपुरा और देहात भी उपस्थित थे। इन अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक अजय पांडेय ने बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। ऐसे में हमारी प्राथमिकता है कि सभी कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हों और किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

फ्लैग मार्च के माध्यम से हम यह संदेश देना चाहते हैं कि छिंदवाड़ा पुलिस पूरी तरह सतर्क है और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। फ्लैग मार्च में पुलिस बल के साथ ही एस.ए.एफ. के जवानों ने भी हिस्सा लिया। मार्च के दौरान पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच की। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन को दें। इसके अलावा महाशिवरात्रि के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। छिंदवाड़ा पुलिस का यह प्रयास है कि महाशिवरात्रि पर्व सभी के लिए सुखद और सुरक्षित बने और इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

# मोबाइल चोरी के जुर्म में छह माह की सजा

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** न्यायालय, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमान यश शर्मा के न्यायालय द्वारा मोबाईल की चोरी के प्रकरण में आरोपी चन्द्रभान कुशवाहा पिता सत्यनारायण कुशवाहा, आयु 30 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 13 ग्राम बनखेडी, थाना बनखेडी जिला नर्मदापुरम (म.प्र.), को दोषसिद्ध पाते हुए आरोपी को भा.दं.सं. की धारा-379 में 06 माह का सश्रम कारावास एवं 500/- रूपये अर्थदंड से दंडित किया गया।

जिला अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी ने बताया कि फरियादी शाजिया खान दिनांक 11.5.2023 को अपने माता-पिता भाई के साथ भेड़ाघाट घूमने के पश्चात् ट्रेन 06620 अप मेमो स्पेशल ट्रेन से जबलपुर से गाडरवारा की यात्रा कर रही थी तभी यात्रा के दौरान गाडरवारा स्टेशन पर उसका रियलमी 7 कंपनी का लाइट ग्रीन कलर का मोबाईल जिसमें जिवो कंपनी की सिम नं. 8928330132 लगी थी, जिसका आई.एम.ई.आई. नं. 869577056477596 था। जिसके पीछे के कवर में यश बैंक का ए.टी.एम. एवं नगदी 1000/- रुपये केश रखे थे, को कोई अज्ञात बदमाश रेलवे स्टेशन गाडरवारा के पास चोरी कर ले गया। उक्त सूचना के आधार पर थाना जीआरपी गाडरवारा द्वारा अज्ञात के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया था।

## एषना जैन बनीं सीएस



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कु. एषना जैन इंस्टीटयूट ऑफ कम्पनी सेक्रेटरी की परीक्षा उत्तीर्ण की है। कु. निधि जैन अनिल कुमार जैन एडव्होकेट की सुपुत्री है इनकी माता श्रीमती निधि जैन एक शिक्षिका है इन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार को दिया है। सफलता के लिए स्वजातिय बंधुओं ने उन्हें बधाई दी है।

# सिकंदर क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित टूर्नामेंट की विजेता रही मोहखेड़ टीम

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सिकंदर क्रिकेट क्लब नाइट टूर्नामेंट प्रतियोगिता का कल समापन हुआ। मोहखेड टीम और सतनूर टीम के बीच आखिरी मुकाबला हुआ जिसमें मोहखेड टीम विनर रही। टूर्नामेंट कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक विजय चौरे उपस्थित रहे एवं साथ में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रघुवीर मोहने, ब्लॉक कांग्रेस कार्यवाहक अध्यक्ष विजय गांवडे, सरपंच फैयाज खान, क्षेत्रीय अध्यक्ष सूरज सोनघरे, ब्लॉक युवक कांग्रेस अध्यक्ष अंकित चौरसिया, अंकी की कार्यवाहक अध्यक्ष राजू वाडीवा उपस्थित रहे।



आयोजन समिति से पंकज कुशनेकर जाहीद कुरेशी, मोहम्मद जुनेद, साजिद खान, सादाप खान, दिनेश डोंगरे, रूपेश वानखड़े उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में बापू हांडे, दिनेश चौरसिया, अब्दुल्ला खान, नारायण साहू, जाकिर अली, गुलाब राजपूत, अक्षय साहू, करण सुनेजा, सोनू अंसारी, रिजवान खान, सरफराज खान उपस्थित रहे।

# आंचलकुंड दादा दरबार में विराट 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** गत 19 से 23 फरवरी 2025 तक विकासखंड हर्रई के ग्राम आंचलकुंड धूनी वाले दादा दरबार में विराट 51कुंडीय गायत्री महायज्ञ अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। पांच दिवसीय इस आयोजन के प्रथम दिन 19 फरवरी को विशाल जल कलश शोभा यात्रा संपन्न हुई जिसमें हजारों माताओं-बहनों ने कलश धारण करके समस्त क्षेत्रवासियों को इस यज्ञ का आमंत्रण दिया। इस कलश शोभायात्रा में छिंदवाड़ा जिले के लगभग सभी तहसीलों से पधारे हुए परिजनों ने भागीदारी की।




द्वितीय दिवस 20 फरवरी को प्रात: 8:00 बजे से देव आवाहन एवं देव शक्तियों का पूजन विशेष वैदिक कर्मकाण्ड के माध्यम से संपन्न हुआ एवं विराट 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न हुआ जिसमें हजारों क्षेत्रवासियों ने भागीदारी कर आहुतियां प्रदान की।

तीसरे एवं चौथे दिन प्रात: 8:00 बजे से 12:00 तक देव पूजन के साथ 51 कुंडीय यज्ञ संपन्न हुआ एवं दोपहर 2 से 5 बजे तक गीत संगीत के माध्यम से शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे हुए आचार्य गणों द्वारा युग संदेश सुनाया गया तथा जीवन जीने की कला जैसे विषयों पर प्रवचन हुए। पांचों दिवस आंचल कुंड वाले दादाजी की गरिमामय उपस्थित में कार्यक्रम संपन्न हुए।

अंतिम दिवस 23 फरवरी 2025 दिन रविवार को प्रात: 8:00 बजे से यज्ञ एवं पूर्णाहुति के पूर्व विभिन्न संस्कार संपन्न हुए जिसमें 400 भाई बहनों ने दीक्षा संस्कार ग्रहण कर यज्ञोपवीत (जनेऊ) धारण किया साथ ही विभिन्न संस्कार जैसे विद्यारंभ संस्कार, पुंसवन संस्कार, मुंडन संस्कार भी कराये गये। तत्पश्चात पूर्णाहुति, देव शक्तियों का विसर्जन एवं टोली विदाई का क्रम संपन्न हुआ।

इस आयोजन के दौरान पांचों दिन दादाजी की तपस्थली क्षेत्र में विशाल माता भगवती देवी भोजनालय चलाया गया जिसके माध्यम से प्रतिदिन हजारों लोगों को भोजन प्रसाद समिति द्वारा कराया गया।

इस आयोजन में छिंदवाड़ा गायत्री शक्तिपीठ एवं जिले के सभी गायत्री शक्तिपीठ एवं प्रज्ञा संस्थानों से सहयोग प्राप्त हुआ। साथ ही अमरवाड़ा, हर्रई. बटकाखापा एवं धनोरा क्षेत्र से विशेष सहयोग आयोजन हेतु प्राप्त हुआ। अंत में आयोजन समिति द्वारा सभी का आभार प्रकट किया गया। इस आयोजन में शांतिकुंज हरिद्वार से आचार्य गानों की टोली पधारी हुई जिसमें टोली नायक प्रभाकांत तिवारी. सहयोगी अरुण पराड़कर, रुद्रगिरी जी गोस्वामी संगीत विभाग शांतिकुंज एवं संगीत की टोली विशेष उपस्थिति रही।

## जनसुनवाई में कलेक्टर का हाथ पकड़ कर कहा समस्या हल करो



### 80 आवेदकों की हुई सुनवाई

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 80 आवेदकों की समस्यायें सुनी। इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये।

जनसुनवाई में मुख्य रूप से जमीन का सीमांकन करने, अतिक्रमण हटाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, पीएम किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने, छात्रवृत्ति दिलाने, बिजली के खम्बे लगाने, शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने व आर्थिक सहायता दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी।

कलेक्टर श्री सिंह ने विभिन्न आवेदनों में तत्काल प्रकरण नोट कराते हुए तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कई प्रकरणों को समय सीमा की बैठक में समीक्षा के लिए भी चिन्हांकित किया। जनसुनवाई कार्यक्रम में आज ग्राम नवलपुर के मोहनलाल डेहरिया ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि व मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की राशि दिलाने, जुन्नारदेव के वार्ड नंबर- 4 की प्रियंका सूर्यवंशी ने पति का मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने, ग्राम डूंडासिवनी के संतोष ने भूमि का बंटवारा कर पावती बनाने, ग्राम करबडोल के रविउदय विश्वकर्मा ने पीएम किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने, ग्राम सुरलाखापा की अनिता ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम कपुर्धा के सुखराम वर्मा ने खेत का नक्शा दुरूस्त करने, ग्राम झिलमिली की आनरा मन्सूरी ने प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के तहत आबादी मकान पर नाम दर्ज करने, ग्राम मटियाडोह की रायलोबाई ने लाड़ली बहना की राशि दिलाने, ग्राम गुमतरा के संतोष ने अनुकम्पा नियुक्ति दिलाने, ग्राम बड़ोसा के सुखचंद मड़के ने मनरेगा योजना के अंतर्गत हितग्राही मूलक कपिलधारा कूप निर्माण कराने, ग्राम खैरीरानी की सुश्री अनुसुईया वर्मा ने जन्म प्रमाण पत्र बनाने एवं छिंदवाड़ा नगर के छत्रपति शिवाजी वार्ड नंबर-25 के छविलाल ने शासकीय योजना के तहत मकान का पट्टा दिलाने, वार्ड नंबर 7 धरमटेकड़ी के ओमकार डेहरिया ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने आदि के आवेदन प्रस्तुत किये।

इस दौरान कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सी.ई.ओ. जिला पंचायत अग्रिम कुमार, ए.डी.एम. के.सी. बोपचे सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय और संबंधित अधिकारियों द्वारा भी आवेदनों पर सुनवाई की गई, जबकि अन्य सभी खंड स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से जनसुनवाई में शामिल हुए।

## डमरू घाटी मेले का शुभारंभ



**गाडरवारा, देशबन्धु।** स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने जिले के गाडरवारा में महाशिवरात्रि पर्व पर लगने वाले मेला का शुभारंभ किया। अतिथियों ने सर्वप्रथम भगवान श्रीगणेश की पूजा अर्चना की। तत्पश्चात् फ़ीता काटकर डमरूघाटी मेले का विधिवत शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में मंत्री श्री सिंह ने देशवासियों व प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की मंगल कामना की। उन्होंने कहा डमरूघाटी समिति द्वारा आयोजित होने वाला यह मेला महाकौशल क्षेत्र में अपनी अलग पहचान रखता है। मेले के स्वरूप को और बेहतर व वृहद स्तर पर लाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जब वे सांसद थे, तब महाशिवरात्रि पर्व पर लगने वाले के मेले से गुजरने के दौरान जाम की स्थिति रहती थी। सोचता था यहां से एक दिन पहले एक दिन बाद जाना न पड़े। लाखों श्रद्धालुओं का यहां आना होता है।

मंत्री सिंह ने बताया कि जब वे चांवरपाठा जनपद पंचायत के अध्यक्ष थे, तब बरमान में मेले का आयोजन हुआ था। उन्होंने बताया कि इस मेले में अन्य ज़िलों से बड़ी संख्या में लोग आते हैं। इस मेले का स्वरूप देखते ही बनता है। वर्तमान में बरमान मेले में लगभग 6- 7 लाख श्रद्धालुओं का आना होता है। ठीक उसी तरह इस डमरूघाटी मेले को भी स्वरूप प्रदान किया जाएगा।

### सार समाचार

## वार्ता फेल होने पर सफाई कर्मचारियों का आंदोलन जारी

**परासिया, देशबन्धु।** नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों की हड़ताल को खत्म करने को लेकर आज नपा अध्यक्ष विनोद मालवी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी साक्षी वाजपेई से सफाई कर्मचारियों की चर्चा हुई। लेकिन मांगों पर लिखित आश्वासन नहीं मिलने के कारण वार्ता फेल हो गयी। जिससे सफाई कर्मचारियों का आंदोलन लगातार जारी है।

बैठक में सफाई कर्मचारी प्रतिमाह समय पर वेतन देने एवं भविष्य निधि की जो राशि काटी गई है, उसे उनके खाते में जमा करने की समय-सीमा निर्धारित करने का लिखित आश्वासन चाह रहे थे। हालांकि बैठक में सी.एम.ओ. एवं अध्यक्ष का कहना था कि शासन से राशि प्राप्त होने पर वेतन का भुगतान किया जाएगा और भविष्य में काटी गई भविष्य निधि की राशि भी जमा की जाएगी। जिसको लेकर नोटिस भी चस्पा किया गया है। लेकिन सफाई कर्मचारियों ने नोटिस को मानने से इनकार कर दिया। इसी कारण हड़ताल खत्म करने का मामला खटाई में पड़ गया।

## वकील एवं पक्षकार के बीच मारपीट

**परासिया, देशबन्धु।** न्यायालय परिसर में आज दोपहर 3:30 बजे किसी बात पर एक वकील और क्लाइंट के बीच मारपीट हो गई। इसके बाद फिर वकील ने मिलकर क्लाइंट और उनके साथियों की जमकर पिटाई की। इस दौरान कुछ लोग वीडियो बना रहे थे जिनके साथ भी मारपीट हुई। घटना के दौरान काफी भीड़ इकट्ठी हो गई। वकील और क्लाइंट के द्वारा परासिया पुलिस थाने में जाकर शिकायत दी गई है।

## आज विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे सांसद विवेक साहू

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू आज 26 फरवरी को छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। सांसद श्री साहू सुबह 11 बजे रामपुरी टोला चौरई में श्रृद्धा समिति महादेव धाम द्वारा आयोजित श्री रामचरित मानस सम्मेलन में शामिल होकर पूजन अर्चन करेंगे, दोपहर 1 बजे कटकुही जुन्नारदेव में श्री शिवपार्वती चौरागढ़ मंदिर समिति द्वारा सुखद सत्संग के कार्यक्रम में राष्ट्रीय संत असंगदेव के श्रीमुख से आयोजित सुखद सत्संग एवं 51 हजार पार्थिव शिवलिंग निर्माण व पूजन के कार्यक्रम में शामिल होंगे, दोपहर 3 बजे मोहगांव, सौंसर, मोरडोंगरी रोड कोठार होते हुए अर्धनारेश्वर मंदिर मोहगांव हवेली में आयोजित भव्य महाशिवरात्रि महोत्सव श्रीमद भागवत कथा में शामिल होकर भागवताचार्य अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक देवी चित्रलेखा जी से आशीर्वाद प्राप्त करेंगे, शाम 5 बजे रावनवाड़ा गंगाराम दफाई शिवपुरी में आयोजित शिवपुराण भागवत कथा के कार्यक्रम में शामिल होगें।

## विकासखंड और जिला स्तरीय उड़नदस्ते ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण


**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मण्डल प्रदेश प्रदेश द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा कक्षा बारहवीं का हिंदी विषय की परीक्षा में विकास खंड स्तरीय उड़न दस्ता दल द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमें परीक्षा केंद्र शासकीय उ.मा.वि. हिर्री, उ.मा.वि. मॉडल अमरवाड़ा, उ.मा.वि. कन्या स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। वहीं जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल द्वारा भी उच्च माध्यमिक विद्यालय पौनार स्कूल, खिरेटी स्कूल, माडल स्कूल अमरवाड़ा का निरीक्षण किया गया। प्रत्येक परीक्षा केंद्रों में विधिवत व शांतिपूर्ण परीक्षा आयोजन पाया गया। इस मौके पर अधिकारियों द्वारा परीक्षा केंद्र प्रभारियों को उचित दिशा निर्देश भी दिए गए।

## असहाय बिटिया को उपहार स्वरूप दी दहेज सामग्री

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अमरवाड़ा के ग्राम पिपरिया राजगुरु के कुछ ग्रामीणों द्वारा नटनी माई क्षेत्रीय सेवा समिति अमरवाड़ा के अध्यक्ष अरुण बूटी नेमा और सदस्य महेंद्र सिंगारे से बताया कि ग्राम की बिटिया पूजा यादव के माता-पिता नहीं है और मंगलवार को उसकी शादी शारदा माई मंदिर से होना तय है। ग्रामीण और लड़की के मामा सुनील के निवेदन पर समिति द्वारा बड़ी गोदरेज अलमारी, कूलर, मिक्सी, लकड़ी पलंग, गद्दा, रजाई, चादर, तकिया, पांच बड़े बर्तन, पांच छोटे बर्तन सहित अन्य सामग्रियां बिटिया पूजा के घर जाकर उपहार स्वरूप भेंट की गई। इस मौके पर सभी ग्रामवासियों ने समिति का आभार माना। इस दौरान समिति के अध्यक्ष अरुण बूटी नेमा, राधेश्याम सोनी, शालकराम यादव, कन्हैयालाल ठाकुर, विनोद साहू, सचिन सोनी, राजन सोनी, दिलीप नेमा, अभिषेक मालवी, महेंद्र सिंगारे मौजूद रहे।

## भगवान भोलेनाथ की निकाली गई बारात, पूरे शहर में उत्सव का माहौल, कई जगह हुआ स्वागत

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** महाशिवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर जय भोले जी सरकार सेवा समिति द्वारा भगवान भोलेनाथ की भव्य बारात निकाली गई जिसमें हजारों की संख्या में भक्तजन झूलते नाश्ते शामिल हुए। अघोरियों का नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा साथ ही कई मुख वाली माता काली भी आकर्षण का केंद्र बनी।



महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर जय भोले जी सरकार समिति द्वारा भगवान भोलेनाथ की बारात प्रतिवर्ष निकाली जाती है जो इस वर्ष भी धूमधाम से श्री पातालेश्वर धाम से प्रारंभ हुई। बरात महाकाल मोक्षधाम से होती हुई बड़ी माता मंदिर, गोलगंज, फव्वारा चौक होते हुए चार फाटक स्थित श्री संतोषी माता मंदिर पहुंची। संतोषी माता मंदिर में हर हर महादेव सेवा भगत समिति द्वारा माता रानी की पालकी निकाली गई।

मंदिर में महाकाल की बारात का भव्य स्वागत किया गया और सभी बारातियों को भोजन प्रसाद दिया गया उसके बाद माता रानी की पालकी भगवान भोलेनाथ की बारात के साथ श्री संतोषी माता मंदिर से निकाल गई जो की शनिचरा श्याम टॉकीज गांधीगंज चार फाटक होते हुए पुनः पातालेश्वर धाम में बारात का समापन हुआ। नगर में ऐसा ऐतिहासिक कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें भगवान भोलेनाथ की बारात निकाली गई जिसका स्वागत माता रानी के मंदिर में किया गया और माता रानी की पालकी भगवान भोलेनाथ के साथ भक्तों द्वारा धूमधाम से निकाली गई। बारात का जगह-जगह भक्तजनों द्वारा स्वागत एवं पूजन किया गया। बारात में निकाले गए 12 ज्योतिर्लिंग आज पातालेश्वर धाम में दर्शन के लिए टीन शेड में रखे जाएंगे।

## कृषि विज्ञान केन्द्र छिंदवाड़ा द्वारा गन्ने की नवीन किस्म का नवाचार, किसानों को बीज वितरित किए

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र छिंदवाड़ा में वसंत दादा शुगर इंस्टिट्यूट कोयंबटूर से रिलीज की गई गन्ने की किस्म का कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में उप संचालक कृषि जितेन्द्र सिंह के सहयोग से प्रदर्शन की इकाई की स्थापना की गई है। कलेक्टर श्री सिंह द्वारा गन्ने की किस्म के प्रदर्शन का निरीक्षण कर इस नई किस्म की जानकारी वैज्ञानिकों से ली गई तथा कुछ किसानों को इस किस्म के बीजों का वितरण भी किया गया।



केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. डी.सी. श्रीवास्तव ने गन्ने की नवीन किस्म COVSI18121 के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि गन्ने की यह किस्म की अब तक की सर्वाधिक उत्पादन क्षमता वाली किस्म है, जिसमें अधिकतम कल्लों की संख्या रिकॉर्ड की गई है। गन्ने की इस किस्म का जमाव काफी अच्छा है। गन्ने की मोटाई एक समान है। गन्ने की यह किस्म सभी प्रकार के रोगों से प्रतिरोधक क्षमता धारण करती है। साथ ही इस किस्म की पत्तियों का विकास भी अच्छा है। गन्ने की यह किस्म महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश के लिए अत्यंत उपयुक्त किस्मों में से मानी गई हैए गन्ने की औसत ऊँचाई 16-18 फ़ीट है। साथ ही इसमें इसकी एक गन्ने में आँखों की संख्या 26-28 तक है। एक गन्ने का वज़न लगभग 2 किलो 750 ग्राम से 3 किलो तक नापा गया है। गन्ने की यह मध्यम अवधि की प्रजाति की औसत उपज 155-160 टन प्रति हेक्टेयर रिकॉर्ड की गई है ।

केंद्र पर गन्ना प्रदर्शन इकाई की प्रभारी चंचल भार्गव ने बताया कि यह नवीन गन्ने की किस्म की जिले की पहली प्रदर्शन इकाई है, जिसका मुख्य उद्देश्य गन्ना उत्पादक कृषकों को नवीनतम किस्म उपलब्ध करवाकर अधिकतम उपज लेने के लिये प्रेरित करना है। उन्होंने बताया की किसान पोषक तत्वों एवं खरपतवार नियंत्रण के उच्च प्रबंधन के साथ गन्ने का अधिकतम उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं।

कृषि विज्ञान केंद्र छिंदवाड़ा में गन्ने की यह किस्म किसानों के विक्रय के लिये उपलब्ध है। चूँकि यह गन्ने की फसल लगाए जाने के लिये उचित समय है। इसीलिये किसान नवीन किस्म का नवाचार अपने खेतों पर प्रयोग कर सकते हैं। केंद्र द्वारा विक्रय के लिये गन्ने की दर 475 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित की गई है। साथ ही केंद्र पर गन्ने की इस नवीन किस्म के रोप भी तैयार किए जा रहे हैं, जिससे ज़्यादा से ज़्यादा गन्ना उत्पादक कृषकों के बीच इस किस्म को ले जाया जा सके, जिससे गन्ना उत्पादक कृषकों की आय दोगुनी की जा सके। गन्ने की इस किस्म में शुगर कंटेंट अन्य किस्मों की तुलना में काफ़ी ज़्यादा है, जिससे गुड़ एवं शक्कर बनाए जाने के लिये अति उपयुक्त है।

कृषि विज्ञान केंद्र चंदनगांव के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. ध्रुव श्रीवास्तव ने बताया कि कृषि विज्ञान केन्द्र चंदनगाँव छिन्दवाड़ा में गन्ने की नई किस्म COVSI18121 का बीज विक्रय के लिये 475 रूपये प्रति क्विंटल की दर से उपलब्ध है। इच्छुक किसान कृषि विज्ञान केंद्र के 7999660636, 98273949300 या 9300724249 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

## कलेक्टर ने किया नगर पालिका जुन्नारदेव का औचक निरीक्षण



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने कल 25 फरवरी 2025, दिन मंगलवार को नगर पालिका जुन्नारदेव का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नगर पालिका कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का जायजा लिया और योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा कर नगर पालिका की कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा की। इसके अलावा कलेक्टर श्री सिंह द्वारा खंड स्तरीय अधिकारियों की भी समीक्षा बैठक ली गई।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना सहित अन्य हितग्राही मूलक योजनाओं के क्रियान्वयन में हो रही देरी पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को समय पर मिले। उन्होंने मौके पर ही मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना के अंतर्गत अनुग्रह सहायता राशि के पात्र हितग्राही को बुलवाया और उनके आवेदन को तुरंत स्वीकृत कर आगे की प्रक्रिया में भेजने के निर्देश दिए।

**राजस्व वसूली बढ़ाने के निर्देश**

कलेक्टर श्री सिंह ने नगर पालिका के अधिकारियों को राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि बकाया संपत्ति करए जल करए दुकान किराया और अन्य करों की वसूली में लापरवाही न हो। बकायादारों की सूची तैयार कर उन्हें नोटिस भेजे जाएं और आवश्यकता पड़ने पर सख्त कार्रवाई की जाए।

**फाइलों में अनियमितता मिलने पर जताई नाराजगी**

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने कई फाइलों की जांच की, जिसमें कई त्रुटियां पाई गईं। उन्होंने देखा कि कई महत्वपूर्ण दस्तावेजों पर हस्ताक्षर और तारीखों का सही से उल्लेख नहीं किया गया था। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भविष्य में ऐसी गलतियां न दोहराने के निर्देश दिए।

**महादेव मेले में निर्बाध बिजली आपूर्ति के निर्देश**

कलेक्टर ने बिजली विभाग को सख्त निर्देश दिए कि भूरा भगत में चल रहे महादेव मेले में बिजली की कोई समस्या न हो। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पूरे मेला क्षेत्र में सुचारू बिजली व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

**स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा**

कलेक्टर श्री सिंह ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत जुन्नारदेव नगर में सफाई व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर नियमित सफाई की जाए और कचरा निस्तारण की उचित व्यवस्था बनाई जाए। नगर पालिका के अधिकारी स्वच्छता को प्राथमिकता दें, ताकि शहर का पर्यावरण स्वच्छ और स्वस्थ बना रहे। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष, एस.डी.एम. जुन्नारदेव कामिनी ठाकुर, नगर पालिका सी.एम.ओ. नेहा धुर्वे सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## मोहगांव हवेली में कथा वाचक चित्रलेखा का आगमन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मोहगांव हवेली में अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक चित्रलेखा का आगमन कल दोपहर को 2.00 बजे के करीब मोहगांव हवेली में हुआ। मोहगांव हवेली के कृष्ण मंदिर में कथावाचक चित्रलेखा ने पूजा अर्चना की।

इस अवसर पर समस्त श्रद्धालु माता बहनें एवं भक्तजन श्री कृष्ण मंदिर पहुंचे जहां पर ठाकुर जी के मंदिर में पूजन करने के पश्चात कथा हेतु अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर मोहगांव हवेली में प्रस्थान किया। 22 फरवरी से अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में अंतरराष्ट्रीय कथावाचक चित्रलेखा का भागवत कथा प्रारंभ का चल रही है।

लाखों की तादाद में श्रद्धालु मोहगांव हवेली के अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में पहुंच रहे हैं। कई ग्रामीण अंचल के एवं दूर दराज से हजारों की तादाद में श्रद्धालु आ रहे हैं। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता रोशन कापसे ने सभी ग्रामीण एंव नगरवासीयो से आव्हान किया की अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालु भागवत कथा श्रवण करने अवश्य आये एंव पुण्यलाभ ले क अपील समिति ने की है तथा कहा है कि भक्तों के बैठने के लिए उचित व्यवस्था की गई है।

## परिवहन विभाग के जांच दल ने पचमढ़ी भूरा भगत मार्ग में वाहनों की सघन जांच की

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग के जांच दल द्वारा महाशिवरात्रि मेले को दृष्टिगत रखते हुये आज पचमढ़ी-भूराभगत मार्ग पर छोटे-बड़े सभी वाहनों की बारीकी से जाँच की गई। जांच के दौरान वाहनों के दस्तावेज जैसे वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र एवं वाहन चालक का वैध लाइसेंस के साथ ही यात्री वाहनों में किराया सूची चस्पा होने, वाहनों में ओवरलोडिंग, यात्रियों से अधिक किराया लिये जाने के संबंध में सघन जांच की गई। जिन वाहनों में कमियां पाई गई ऐसे वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई ।

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनोज तेहनगुरिया ने बताया कि पचमढ़ी-भूराभगत मार्ग में वाहनों की चैकिंग की गई। चैकिंग के दौरान जिन वाहनों में दस्तावेजों की कमियां पाई गई तथा मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन करते पाये जाने वाले 26 वाहनों से 32,700/- रूपये का जुर्माना लिया गया। साथ ही वाहन संचालकों को समझाईश दी गई कि मोटरयान अधिनियम 1988 के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर विधि अनुसार




कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा यात्री बसों के संबंध में उन पर आच्छादित अनुज्ञा पत्र को निरस्त करने की भी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने सभी वाहन मालिकों एवं वाहन चालको से अपील की है कि वे बिना परमिट के वाहन न चलाऐं तथा शराब पीकर वाहन चलाना पूर्णतः प्रतिबंधित है।